पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग),
भारत सरकार
****

'हर काम देश के नाम'

नई दिल्ली, कार्तिक 09, 1945
मंगलवार, अक्टूबर 31, 2023

रक्षा मंत्री ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 148वीं जयंती पर लखनऊ में 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम की अध्यक्षता की

राष्ट्रीय एकता दिवस भारत की एकता और अखंडता के लिए शपथ लेने का अवसर है: श्री राजनाथ सिंह

पीएम मोदी द्वारा शुरू किए जा रहे "मेरा युवा भारत अभियान" से जुड़ने की युवाओं से अपील

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने अक्टूबर 31, 2023 को भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 148 वीं जयंती के अवसर पर लखनऊ, उत्तर प्रदेश में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम की अध्यक्षता की। 1.5 किलोमीटर की दौड़ को रक्षा मंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल प्रतिमा, हजरतगंज से हरी झंडी दिखाई और इसका समापन केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुआ। स्कूली बच्चों, एनसीसी कैडेटों, खिलाड़ियों और एचएएल कर्मियों सहित हजारों लोगों ने दौड़ में भाग लिया।

श्री राजनाथ सिंह ने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और इस अवसर पर उपस्थित लोगों को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' की शपथ दिलाई। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय एकता दिवस को स्वतंत्रता और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वालों को याद करने का अवसर बताया। उन्होंने कहा, "राष्ट्रीय एकता दिवस हमें राष्ट्र की एकता के लिए खुद को प्रतिबद्ध करने और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के निर्माण की दिशा में काम करने का अवसर देता है।

रक्षा मंत्री ने स्वतंत्रता के बाद राष्ट्र निर्माण में सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमिका पर प्रकाश डाला, भारत गणराज्य के साथ रियासतों के एकीकरण को सुनिश्चित करने में उनकी दृष्टि और राजनयिक कौशल की सराहना की और भारतीय सिविल सेवाओं के ढांचे के निर्माण जैसे अन्य योगदानों की सराहना की। उन्होंने कहा, "सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रयासों ने भारत की एकता और अखंडता सुनिश्चित की। उनकी भूमिका को तब तक उचित श्रेय नहीं दिया गया जब तक कि हमारी सरकार 2014 में सत्ता में नहीं आई और उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने का फैसला नहीं किया।"

इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए जा रहे 'मेरा युवा भारत अभियान' के बारे में श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह पहल युवाओं को आगे आने और राष्ट्र निर्माण के प्रयासों में भाग लेने का अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने लोगों से इस कार्यक्रम के लिए आगे आने और राष्ट्रीय एकता और एकीकरण के लिए काम करने का आह्वान किया।

रक्षा मंत्री ने दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमा "स्टैच्यू ऑफ यूनिटी" स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। सरदार वल्लभभाई पटेल की यह प्रतिमा गुजरात के केवड़िया में स्थित है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारत की एकता के प्रतीक हैं और उनके प्रयास युवाओं को राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य और श्री ब्रजेश पाठक, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री, एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री सीबी अनंतकृष्णन तथा एचएएल और केंद्र एवं राज्य सरकारों के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी), एनसीसी, रक्षा संपदा महानिदेशालय के साथ-साथ तीनों सेनाओं सहित रक्षा मंत्रालय के तहत विभिन्न विभागों ने राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह के अवसर पर देश भर में 160 से अधिक स्थानों पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया और 'राष्ट्रीय एकता दिवस' की शपथ दिलाई।

एबीबी/एसएस